गृहस्य ईशानकोणे आमलकवृक्षः, नैऋत्ये चिञ्चिणीद्रुमः, अग्निकोणे दाडिमं, वायव्यकोणे विल्ववृक्षः रोपयेत् । एवमेव उत्तरस्यां दिशि प्लक्षः,पूर्वस्यां दिशि वटवृक्षः, दक्षिणदिशि उदुम्बरवृक्षः, तथा पि ामस्यां दिशि अश्वत्थवृक्षः, मध्यभागे च विविधप्रकारस्य आम्रवृक्षाः रोपणे शुभं भवति । उक्तं यथा-

ईशाने रोपयेद्धात्रीं नैऋत्ये चिंचिणीद्रुमान् ।
आग्नेयां दाडिमं चैव वायव्ये विल्ववृक्षकम् ।।
प्लक्षोत्तरे पूर्ववटं प्रशस्तं ह्युदुम्बरं दक्षिणभागके च ।
अश्वत्थवृक्षं दिशिवारुणस्यां मध्ये तथाम्रान्विविधप्रकारान् ।।[४]

गृहसमीपे वाटिका भवेत् । तत्र वाटिकायां दक्षिणनैऋत्ययोर्मध्ये जम्बुककदम्बवृक्षौ भवेताम् । एवमेव ईशानपूर्वकोणे आम्रपनस । द्वौ वृक्षौ, वाटिकायाः बहिः पूर्वस्यां दिशि वंशवृक्षः,उत्तरस्यां दिशि शमीवृक्षः, पि ामायां खदिरः, दक्षिणे वकुलवृक्षरोपणेन बहु समीचीनफलं लभ्यते। ते वृक्षाः तेषु तेषु स्थानेषु अधिकशुभदायकाः भवन्ति। अनेन अनिष्टः विनश्यति। उक्तं हि -

याम्यनैऋत्ययोर्मध्ये तथा जम्बुकदम्बकौ ।
पनसश्च तथाम्रश्च प्रशस्तौ शम्भुपूर्वयोः ।।
वाटिकायाः बहिः पूर्वे रोपयेद्वंशवृक्षकम् ।
उत्तरे च शमी वाह्ये पि ामे खदिरो बहिः ।।
दक्षिणे वकुलो वाह्येऽरिष्टनाशाय केवलम् ।[५]

सप्त वाटिकाः भवन्ति। ताः यथा - आम्रवाटिका, अश्वत्थवाटिका, वटवाटिका, प्लक्षः, निम्बः, जम्बुकः, चिंचिणीवाटिका चेति। एतासु वाटिकासु आम्रवाटिका सर्वश्रेष्ठा भवति।

यः अग्निहोत्रं न करोति,स्त्रीपुत्रहीन । भवति तस्य सर्वमपि पापं आम्रवाटिका रोपणेन विनश्यति । मार्गे छायायुक्तवृक्षरोपणेन च स्वर्गप्राप्तिः भवति। उक्तं यथा -

आम्राणां वाटिका चैव द्वितीयाश्वत्थ वाटिका ।
तृतीया वटवृक्षाणां चतुर्थी प्लक्षवाटिका ।।
पञ्चमी निम्बवृक्षाणां षष्ठी जम्बुकवाटिका ।
चिंचिणीवृक्षसम्भूता सप्तमी परिकीर्तिता ।।

एतासां वाटिकानां च प्रशस्ता चाम्रवाटिका ।
फलदा पुण्यदा चैव पापं संहरते ध्रुवम् ।।
न तत्करोत्यग्निहोत्रं न पुत्रा योषितोद्भवाः ।
यत्करोति घनच्छायः पादपः पथिरोपितः ।।[६]

वाटिकानिर्माणस्य फलमाह वराहमुनिः। यः राजमार्गस्य समीपे कूपयुक्तसुन्दरवाटिकां निर्माति सः चतुर्युगेषु स्वर्गस्य सर्वमपि सुखं प्राप्नोति। उक्तं हि वराहेण -

यो वाटिकां राजपथः समीपे स्विष्टां तथा कूपसमन्विताञ्च ।
स्वर्गे च वासं लभते मनुष्य ातुर्युगं सर्वसुखैरुपेतः ।।[७]

गृहसमीपे द्राक्षा,पुष्पकलतामण्डपं, दाडिम ा रोप्यते चेत् शुभं भवति। गृहस्योत्तरभागे सौम्यवृक्षः, दक्षिणभागे कपित्थः,पूर्वभागे वटवृक्षः,पि ामे कोणे च अश्वत्थवृक्षः,शुभदा भवति। उक्तं यथा -

द्राक्षापुष्पकमण्डपं च तिलकान् कृष्णां वयेद्दाडिमीनिम् ।
सौम्यादेः शुभदौ कपित्थकवटावौदुम्बराश्वत्थकौ ।।[८]

एवमेव पूर्वोक्ताः वृक्षविशेषाः गृहसमीपे न दातव्या इति वास्तुशास्त्रस्य नियमः। यदि एतस्य परिपालनं न क्रियते तर्हि महती हानिः भवति। यतो हि गृहसमीपे तेषां वृक्षाणां रोपणेन फलमपि सम्यक् न भवति। अतः सम्प्रति त्याज्यवृक्षविषये आलोच्यते।

गृहसमीपे अग्राह्याः वृक्षाः

केचन अशुभप्रदायकाः वृक्षास्सन्ति येषां रोपणं गृहसमीपे न करणीयम् । वृहत्संहितायामुक्तं यत् यदि गृहसमीपे कण्टकिनः वृक्षाः सन्ति ते शुभप्रदाः न भवन्ति । ते शत्रुभयमुत्पादयन्ति । तथा च दुग्धधारिणः वृक्षाः धनं नाशयन्ति। फलिनः वृक्षाः पुत्रादीन् नाशयन्ति। तेषां वृक्षाणां काष्ठप्रयोगेऽपि तदेव फलं भवति । यदि तान् कर्तनं कर्तुं न शक्यते तर्हि तन्मध्ये पुन्नगः,अशोकः,वकुलः,पनसः,शमी,शालादीन् वृक्षान् रोपणेन अशुभफलं न भवति। उक्तं यथा वृहत्संहितायाम्

आसन्नाः कण्टकिनो रिपुभयदा क्षीरिणोऽर्थनाशाय ।
फलिनः प्रजाक्षयकरा दारूण्यपि वर्जयेदेषाम् ।।
छिन्द्याद्यदि न तरूँस्तान् तदन्तरे पूजितान् वपेदन्यान् ।
पुन्नागाशोकारिष्टवकुलपनसान्शमीशालौ।।[९]

वृहत्संहितायाम् इतोऽपि उच्यते यत् गृहसमीपे दक्षिणभागे प्लक्षवृक्षः न भवति। पि ामायां दिशि वटवृक्षः, उत्तरे उदुम्बरः,पूर्वस्यां दिशि अश्वत्थः, अशुभफलदायकाः भवन्ति। उक्तं हि -

याम्यादिष्वशुभफला जातास्तरवः प्रदक्षिणेनैते ।
उदगादिषु प्रशस्ताः प्लक्षवटोदुम्बराश्वत्थाः ।।[१०]

वास्तुराजवल्लभे त्याज्यवृक्षस्य विषये इत्थमुक्तम् । गृहसमीपे दुग्धधारीवृक्षः,कण्टकयुक्तवृक्ष ा शुभदा नास्ति । उक्तं यथा -

वृक्षा दुग्धसकण्टका ा फलिनस्त्याज्या गृहादूरतः ।।[११]

एवमेव गृहसमीपे केषाञ्चन अग्राह्यवृक्षाणां विवेचनं वास्तुशास्त्रदृष्ट्या विहितम्। तस्य परिपालनम् अस्माभिः अवश्यं करणीयमेव ।

उपसंहारः

मानवजीवनस्य परमलक्ष्यचतुष्टयं भवति धर्मार्थकाममोक्षः। तषां पुरुषार्थचतुष्टयानां प्राप्तिः तदा सम्भवति यदा मानवः परिपुष्टशरीरेण,स्थिरमनसा, निर्मलबुद्ध्या च भवति। वास्तुसिद्धान्तानुसारं गम्यते चेत् जगति सर्वमपि सुखदं भवति। भारते वास्तुतत्त्वानि धार्मिककृत्यरूपेणाङ्गीक्रियते।

यदि सूक्ष्मातिसूक्ष्मदृष्ट्या वास्तुशास्त्रस्य परिशीलनं क्रियते तर्हि तन्नियमानुवर्तिनां मानवानां सततं सुखमेव भविष्यतीति नास्ति सन्देहः । इति शम् ।।

सङ्केताक्षरसूची

१. ऋ.वे - ऋग्वेदः
२. श्लो - श्लोकः
३. वा.मा - वास्तुमालाप्रयोगः
४. पृ - पृष्ठम्
५. मि. प्र - मिश्रप्रकरणम्

पादटिप्पणीः

१. ऋ.वे-५.४१.८
२. वा.मा मिश्रप्रकरणम् श्लो १८-१९
३. वा.मा पृ-११६
४.वा.मा मि.प्र.श्लो २३-२४
५.वा.मा पृ ११७ श्लो-२५-२६
६.वा.मा पृ-११७
७. वा.मा पृ-११८
८.वा.मा श्लो ११ पृ- ११४
९.वा.मा मिश्रप्रकरणम् श्लो १३-१४
१०.वा.मा श्लो-१२ पृ-११४
११. वा.मा पृ-११३

सन्दर्भग्रन्थसूची

१. ऋग्वेदः. नाग पब्लिकेशन्स. नई दिल्ली
२. भारतीय वास्तुशास्त्र. डा.उमेशपूरी 'ज्ञानेश्वर' धरणीधर प्रकाशन. हरिद्वार, १९९६
३. बृहत वास्तुमाला प्रयोग. डा. हरिशङ्कर पाठक.भारतीय विद्या संस्थान. वारणासी.२००२
४. वास्तुकल्पलता. प्रो.डा.हरिहर त्रिवेदी. चौखम्बा कृष्णदास अकादमी.वाराणसी.२००७
५. वास्तु उद्धारधोरणी. डा. श्रीकृष्ण'जुगनु' चौखम्बा कृष्णदास अकादमी. वाराणसी. २००८

प्रस्थानत्रयी में वर्णव्यवस्था

कूट-शब्द वर्णव्यवस्था, उपनिषद्, ब्रह्मसूत्र, भगवद्गीता

शोध-सार

भारतीय समाज में वर्णव्यवस्था से सम्बन्धित अन्धविश्वास तथा मिथ्याज्ञान समाज की प्रगतिपथ पर प्रतिबन्धक के रूप में खडा रहता है । ऐसी परिस्थिति में वेदान्तदर्शन में निहित वर्णव्यवस्था के मूलतत्त्व समाज में पथप्रदर्शक की भूमिका का निर्वहण किये हुए है। आज समाज में वर्णव्यवस्था का विकृत स्वरूप जातिप्रथा के रूप में लिया जा रहा है । जबकि जाति शब्द का प्रयोग वेद एवं प्रस्थानत्रयी में कदापि दृश्यमान नहीं होता तथा वर्णव्यवस्था का उद्देश्य सामाजिक कर्तव्यों का निर्धारण एवं श्रमविभाजन में समानीकरण था । परन्तु आज समग्र विश्व में भारतीय संस्कृति साम्प्रदायिकता के चक्र में डूब गई है । जिसे केवल विद्वज्जन प्रस्थानत्रयी (अर्थात् उपनिषद्, ब्रह्मसूत्र, भगवद्गीता) में उद्धृत उदाहरणों के द्वारा दूर करने में समर्थ हो सकते हैं । शोधलेख में यथासम्भव वर्णव्यवस्था सम्बन्धित तथ्यों को आलोकित किया है कि किस तरह से प्रस्थानत्रयी के उपदेशों में जातिभेद रूपक समस्या का युक्तिपूर्ण समाधान निहित है, यह ही शोधलेख का प्रमुख उद्देश्य है ।

==========

भारतीय वर्णव्यवस्था समग्र विश्व में एक आलोच्य तथा विवादास्पद विषय के रुप में प्रस्तुत की गई है । वर्णव्यवस्था के विषय विवेचन में सामाजिक परम्पराओं एवं व्यवहार प्रयोगों पर ही सर्वाधिक प्रकाश डाला जाता है । वैदिककालीन समाज में कर्म तथा विचारधारा के आधार पर ही वर्णव्यवस्था का प्रचलन प्रारम्भ हुआ था । परन्तु परवर्तीकाल में यही वर्णव्यवस्था समाज में जातिगत प्रथा के स्वरुप में परिवर्तित होकर विभेद तथा असमानता उत्पन्न कर रही है।

वर्णव्यवस्था के विषय में चर्चा का उत्स ऋग्वेद[84] है । वर्णव्यवस्था सनातन धर्म का प्रमुख अङ्ग है । एतदव्यतीत भगवद्गीता पर रचित शङ्कराचार्य के गीताभाष्य, ब्रह्मसूत्रादि में भी वर्णाश्रम के विषय में आलोचना की गयी है। वर्णव्यवस्था के मूलतत्त्व समाज में साम्यता एवं सहयोगिता बनाए रखतें हैं, साम्प्रतिक परिस्थति में जनसाधारण के चिन्तन से वर्हिभूत है । इस लेख में भगवद्गीता, उपनिषद् तथा ब्रह्मसूत्र में आलोचित वर्णव्यवस्था की स्पष्ट धारणा प्रदान करने का तथा समाज में इससे जुडे मिथ्यापवाद को यथासम्भव दूर करने का प्रयास किया गया है।

---

[84] पुरुषसूक्त में वर्णित।

मुख्यविषय – प्रस्थानत्रयी में वर्णित वर्णव्यवस्था साधारण जनता के मन में कौतूहल उद्रेककारी होती है । प्रस्तुत शोधपत्र में क्रमशः उपनिषद्, ब्रह्मसूत्र और भगवद्गीता से प्राप्त विषयों की समालोचना प्राप्त हुई है । यथा –

प्रमुख उपनिषद् में वर्णव्यवस्था – वेदों के सार स्वरुप कथित उपनिषदों में वर्णव्यवस्था सम्यग्र रूप से आलोचित है । जो सर्वप्रथम पुरुषसूक्त में उल्लिखित है । यथा –

ब्राह्मणोरस्य मुखमासीद्बाहु राजन्यः कृतः।

ऊरू तदस्य यद्वैश्यः पद्भ्यां शूद्रो अजायत॥1

अर्थात् पुरुष के मुख से ब्राह्मण, बाहुद्वय से राजा (क्षत्रिय), उरुद्वय वैश्य तथा चरणद्वय शूद्र के रुप में सृष्ट हुआ । उपरोक्त मन्त्र से स्पष्टतया ज्ञात होता है कि मेधा के उद्गातृ मुख स्वरुप ब्राह्मण, बल, वीर्यादि शक्तिसम्पन्न बाहुद्वयस्वरूप क्षत्रिय, कृषि ,धनसम्पद, विपणन क्षेत्र में पारङ्गमी उरू स्वरुप वैश्य तथा विश्वसृष्टि के आश्रय तथा सेवा, आत्मत्याग का प्रतीक चरणद्वय के स्वरुप शूद्र वर्ण का विभाजन होता है। इससे केवल कर्म के आधार पर ही वर्णव्यवस्था सिद्ध होती है ।

मानवीय विवर्तन के प्रसङ्ग में यह स्पष्ट होता है कि विवर्तन सत्त्वस, रजस, तमस् गुणों में विकासीकरण के द्वारा होता है । इसका सबसे उत्कृष्ट उदाहरण बृहदारण्यकोपनिषद् में उल्लिखित है । यथा –

ब्रह्म वा इदमग्र आसीदेकमेव----------सर्वं पुष्यति यदिदं किंच।2

अर्थात् इस सम्पूर्ण जगत में एकमात्र ब्रह्म ही स्थित था तथा उस समय वर्णभेद नाम का कोई विषय अस्तित्व में नहीं था । अग्नि के सृष्टिकर्ता ब्राह्मण से क्षत्रियादि अभिन्न थे। परन्तु ब्रह्मा क्षत्रियों के अनुष्ठान में असमर्थ थें अतः इसी कारण कर्म-कर्तव्य का निर्वहण के लिए क्षत्रिय वर्ण की उत्पत्ति की गई थी । इस प्रसङ्ग में कहा जाता है कि ब्राह्मण यद्यपि यज्ञयागादि का विधान करने के कारण श्रेष्ठपद को प्राप्त करते है, परन्तु राजसूययज्ञ के समय क्षत्रिय ब्राह्मण से प्रधान होते है । देवताओं में इन्द्र, वरुण, रुद्र, सोम, यम आदि क्षत्रियवर्ण के देवता है । इसप्रकार ब्राह्मण तथा क्षत्रिय की सृष्टि के पश्चात् धनसम्पद का उपार्जन हेतु वैश्य वर्ण की रचना हुई। अष्टवसु , एकादशरुद्र, द्वादश आदित्यादि देवता वित्तार्जनक्षम वैश्य देवताओं के रुप में गिने जाते हैं । फिर सभी वर्ण के देवताओं का पोषण तथा परिचालक के रूप में ब्रह्म ने पूषा अर्थात् शूद्र वर्ण की रचना की थी ।

तत्पश्चात् वर्णों में साम्यता और कर्म भावना को अतुट रखने के प्रयास में विराज ने (ब्रह्मन्) धर्म शब्द का व्युत्पत्ति करके वर्णों में सार्थकता प्रदान की है। यथा-

स नैव व्यभवत्च्छ्रेयोरुपमत्यसृजत..... अस्माद्येवात्मनो यद्धिकामयते तत्तत्सृजते॥3

अर्थात् ब्रह्मन् ने वर्णों कि संरचना के पश्चात् साम्यता बनाए रखने हेतु धर्म पद का व्यवहार किया । धर्म ही एकमात्र विषय है जो वर्णों में श्रेष्ठ है । इस के द्वारा दुर्बल सबल के ऊपर विजय प्राप्त करने में समर्थ होता है । अतः ब्राह्मण, क्षत्रिय,

वैश्य, शूद्रों को अपने सत्कर्म के आधार पर धर्म का पालन करना चाहिए । क्योंकि हम चतुर्वर्ण धर्म का पालन करके ब्रह्म को प्राप्त कर सकते है । ब्रह्म की प्राप्ति केवल कर्मों के समुचित विधान से ही सम्भव हो सकती है ।

बृहद.(३.८.१-१२) मन्त्रों में वाचक्नुऋषि कि पुत्री गार्गी ने याज्ञवल्क्य ऋषि से क्षत्रिय धर्म की विचार क्षमता के विषयों में प्रश्न किए थें और याज्ञवल्क्य ने उसके समुचित उत्तर में ब्रह्म से क्षत्रिय का सम्बन्ध विवेचन किया था ।

इसीप्रकार छान्दोग्योपनिषद में भी गुण तथा कर्म के आधार पर वर्णव्यवस्था का स्थापन किया गया है यह प्रमाणित है। यथा –

तद्य इह रमणीयचरणा अभ्याशो ह यत्ते ..... चण्डालयोनिं वा॥4

अर्थात् जब जीवात्मा परलोक से मृत्युलोक में पुनरागमन करती है, तब सुकृत परिपक्व कर्म विशिष्टता के कारण उत्तम योनि को प्राप्त करती है । उत्तम योनि का विशेषार्थ है अध्यापनाध्ययन,यागयज्ञादि कर्म के कारण ब्राह्मण योनि , प्रजा रक्षा, दान, यज्ञ करना आदि कर्म से क्षत्रिय योनि, व्यापार, पशु रक्षा, व्याज लेना आदि कार्यों से वैश्य योनि में जन्म लेता है।

पुनः यह कहा जाता है कि यदि जीवात्मा परलोक से कुत्सित कर्म परिपूर्ण करके मृत्युलोक आती है, तो वो निन्दित योनि अर्थात् कुत्ता, सुकर अथवा चाण्डाल योनि को प्राप्त होता है । चाण्डाल योनि मुख्यतः वर्णसङ्कर को इंगित करता है जो कि कलियुग में बहुत मात्रा में प्राप्त होते है । साधारणतः चाण्डाल पद शूद्र और ब्राह्मण के सम्बन्ध से उत्पन्न सन्तान के लिए प्रयुक्त होता है जिसका प्रमाण **मनु.१०.१२** में दिया गया है। यथा

शूद्रदायोगवः क्षत्ता चण्डालश्चाधमोनृणाम् ।
वैश्यराजन्यविप्रासु जायन्ते वर्णसङ्कराः॥ 5

उपरोक्त मन्त्रों से सर्वथा स्पष्ट होता है कि गुण तथा कर्म की वैशिष्ट्य पर ही वर्णव्यवस्था प्रतिष्ठित थी । जो आध्यात्मिक, राजनैतिक, व्यवसायिक एवं शारीरिक शक्तियों को चार वर्णों में समान रूप से विभजित करती थी ।

ब्रह्मसूत्र में वर्णव्यवस्था – भारतीय समाज व्यवस्था में प्रचलित वर्णव्यवस्था का उद्देश्य है, समस्त मनुष्यों के लिए पुरुषार्थ(धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष) से मोक्ष प्राप्ति करवाना । यदि सत्त्वस्, रजस्, तमस् गुणों के आधार पर वर्णों को ग्रहण किया जाये तो जगत का कल्याण एवं धर्म का अनुष्ठान सम्भव है । शङ्कराचार्य के ब्रह्मसूत्रशाङ्करभाष्य में स्पष्ट प्रमाणित होता है। यथा –

कृतात्ययेऽनुशयवान्दृष्टस्मृतिभ्यां यथेतमनेवं च ।6

अर्थात् जीवात्मा अपने कर्मों को भोग करने हेतु चन्द्रालोक से अवरोहकाल में जीव अवशिष्ट कर्मानुसार वर्णादि योनियों में अथवा व्रीहि वा श्वानादि योनि में किस प्रकार संकलन होता है, इस विषय में आलोचना प्राप्त होती है । श्रीशङ्कराचार्य कहते है –

अन्याधिष्ठितेषु पूर्ववदभिलापात् ।7

अर्थात् भोक्ता जिस प्रकार फल भोगने की इच्छा से व्रीहि आदि रूप जन्म लेता है, उसीप्रकार अपने सुखदुःखयुक्त कर्मों के आधार पर कुत्ता आदि जन्म लेतें हैं ।

भगवद्गीता में वर्णव्यवस्था – वर्णव्यवस्था के विषय में सर्वोत्कृष्ट उदाहरण महाभारत में कथोपकथन के माध्यम से विशद रूप से ज्ञात होता है । महाभारत के वनपर्व में युधिष्ठिर नाग की जिज्ञासावश ब्राह्मण के लक्षणों को बतलाते हैं । तब पुनः नाग प्रश्न करता है कि – धर्मराज यदि ब्राह्मण के सभी लक्षण शूद्र में होते है एवं ब्राह्मण में नहीं होते तो उपाय क्या होगा । युधिष्ठिर बताते है – ब्राह्मण के सारे लक्षण शूद्र में रहने पर वो शूद्र कथित नहीं होगा तथा ब्राह्मण के रूप में उसे अस्वीकार किया जाएगा । उपरोक्त कथोपकथन से प्राचीन भारत में गुणकर्म के आधारित वर्णव्यवस्था सूचित होती है ।
श्रीमद्भगवत्गीता में भगवान् श्रीकृष्ण ने फलरहित कर्म का उदाहरण देकर गुण-कर्मों के विभाग से चतुर्वर्ण की संरचना की है । यथा –

चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः।
तस्य कर्तारमपि मां विद्यकर्तारमव्ययम् ।।8

अर्थात् वर्णचतुष्टय को मैने गुण-कर्म के विभाजन से सृष्ट किया है । परन्तु सृष्टिकर्ता होने के कारण मुझे अकर्ता तथा विकार रहित समझो।

भगवान् श्रीकृष्ण ने द्वितीय अध्याय में धर्म का परिपालन के लिए उपदेश दिया है । धर्मोपदेश के छल में उन्होने क्षत्रिय वर्ण का कर्तव्य का निर्धारण भी किया है। यथा –

स्वधर्ममपि चावेक्ष्य न विकम्पितुमर्हसि ।
धर्म्याद्धि युद्धाच्छ्रेयोऽन्यत्क्षत्रियस्य न विद्यते ॥9

अर्थात् स्वधर्म को देखकर मनुष्य का भयभीत होना अनुचित है । क्योंकि क्षत्रिय के लिए धर्म युद्ध से बढकर अन्य कोई कल्याणकारी कर्तव्य नहीं हो सकता है। अतः इससे क्षत्रिय अनायास ही इच्छानुसार मोक्ष को प्राप्त कर सकता है।

गुणाधीश ब्रह्मन् त्रिगुणरूपी प्रकृति की सहायता से निर्लिप्त भाव में सृष्टि स्थिति इत्यादि कार्य करते हैं । सत्त्वगुणप्रधान ब्राह्म का स्वाभाविक कर्म यजन, याजन, अध्ययन, अध्यापन है । अल्पसत्त्वगुण विशिष्ट रजोगुण प्रधान क्षत्रिय का कर्म राज्यशासन, युद्ध करना है । अल्प तमोगुण विशिष्ट रजोप्रधान वैश्यों का कार्य कृषि, वाणिज्यादि तथा तमोगुण प्रधान शूद्रों का स्वाभाविक कार्य है उपरोक्त तीनों वर्णो की सेवा करना। भगवद्गीता में स्पष्ट है –

ब्राह्मणक्षत्रियविशां शूद्राणां च परन्तप ।

कर्माणि प्रविभक्तानि स्वभावप्रभवैर्गुणः ।।

शमो दमस्तपः शौचं क्षान्तिरार्जवमेव च।

ज्ञानं विज्ञानमास्तिक्यं ब्रह्मकर्म स्वभावजम्॥

शौर्यं तेजो धृतिर्दाक्ष्यं युद्धे चाप्यपलायनम्।

दानमीश्वरभावश्च क्षात्रं कर्म स्वभावजम्॥

कृषिगौरक्ष्यवाणिज्यं वैश्यकर्म स्वभावजम्।

परिचर्यात्मकं कर्म शूद्रस्यापि स्वभावजम्॥ 10

स्वकर्म के अधिष्ठान से मनुष्य कैसे सिद्धि प्राप्त करता है, उस विषयमें भगवान् कहते है। यथा –

स्वे स्वे कर्मण्यभिरतः संसिद्धिं लभते नरः।

स्वकर्मनिरतः सिद्धिं यथा विन्दति तच्छृणु॥

यतः प्रवृत्तिर्भूतानां येन सर्वमिदं ततम्।

स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दति मानवः॥

श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात्।

स्वभावनियतं कर्म कुर्वन्नाप्नोति किल्बिषम्॥ 11

अर्थात् अपने स्वाभाविक कर्मों में सदा चेष्टित मनुष्य भगवत्प्राप्तिरूप परमसिद्धि को प्राप्त करता है । जिस परमेश्वर से सम्पूर्ण प्राणियों की उत्पत्ति हुई और सारा जगत् व्याप्त है। उसी परमेश्वर को अपने कर्मों से मनुष्य प्राप्त कर सकता है। आचरण युक्त दुसरों के धर्म से स्वधर्म का पालन श्रेष्ठ है । क्योंकि नियतरूप से स्वधर्म पालन द्वारा मनुष्य पाप गति प्राप्त नहीं करता है।

ऊपरिलिखित श्लोकों में स्वयं श्रीकृष्ण यह स्पष्ट करते हैं कि योग्यता के अनुसार किया गया कर्म विभाजन समाज में ऊँच-नीच भावनाओं को कदापि प्रश्रय नहीं देता । परन्तु चारों वर्णों में धर्मों का निर्विघ्न पालन से शक्ति सामञ्जस्य स्वयं हि अतुट रहता है । शरीर का सबसे गुरुत्वपूर्ण अङ्ग पदद्वयस्वरुप शूद्र जन बल के आधार पर ही वैश्य धन देता है, क्षत्रिय धन जन की सुरक्षा करता है एवं ब्राह्मण धर्म-भगवत्प्राप्तिका मार्ग प्रदर्शन करता है । भारतीय वर्ण विभाजन चारों वर्णों का जन्म-कर्म निर्धारण पूर्वक सामाजिक श्रृङ्खला को दृढ करता है।

पुनश्च भारतीय वर्णव्यवस्था में सर्वाधिक आलोच्य वर्ण विभेद प्रसङ्ग में स्थित समानता का उदाहरण भी भगवद्गीता में प्राप्त होता है। यथा –

पत्रं पुष्पं फलं तोयं यो मे भक्त्या प्रयच्छति।

तदहं भक्त्युपहृतमश्नामि प्रयतात्मनः॥

समोऽहं सर्वभूतेषु न मे द्वेष्योऽस्ति न प्रियः।

ये भजन्ति तु मां भक्त्या मयि ते तेषु चाप्यहम्॥

मां हि पार्थ व्यपाश्रित्य येऽपि स्युः पापयोनयः।

स्त्रियो वैश्यास्तथा शूद्रास्तेऽपि यान्ति परां गतिम्॥ 12

अर्थात् जो कोई भक्त मेरे लिये प्रेम से पत्र-पुष्पादि अर्पण करता है, उस सुबुद्धि सम्पन्न भक्त के अर्पण को मैं सगुण रूप में प्रकट होकर प्रीति के साथ ग्रहण करता हूँ । मैं सर्वत्र व्यापक हूँ, न मेरा कोई प्रिय है न अप्रिय है । परन्तु जो भक्त मुझे निष्काम भाव से मनन करते है, वे मुझ में और मैं उनमें रहता हूँ । स्त्री, वैश्य, शूद्र, पाप योनि जो कोई मेरे शरण मे आता है, वो परम गति को प्राप्त करता है। इस प्रसङ्ग पर साधन समर के प्रसिद्ध लेखक ब्रह्मर्षि श्रीसत्यदेव गीता के नवम अध्याय(राजगुह्ययोग) के दृष्टिकोण से वर्णव्यवस्था को शृङ्खलित करने हेतु अपना मत प्रकट किये है । श्री सत्यदेव के अनुसार ब्राह्मणादि वर्ण तथा स्वभाव कर्मगत ब्राह्मणादि वर्ण दोनों प्रकार को स्वीकार कर लें । उससे देखा जाता है कि जो जाति ब्राह्मण है उनमें ये सभी कर्म द्वारा ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र ये चार प्रकार के भेद ही है । अतः जाति ब्राह्मण, जाति क्षत्रिय, जाति वैश्य, जाति शूद्र को कर्म के आधार पर चार भागों में विभक्त किया जा सकता है । यह तालिका से स्पष्ट ज्ञात होता है । यथा –

ब्राह्मण जाति



क्षत्रिय जाति



वैश्य जाति





वर्तमान काल में चार वर्ण के बीच यह कर्मगत सोलह प्रकार का भेद परिलक्षित होता है । फिर यह सोलह प्रकार के बीच अवान्तर भेद भी बहुत है ।13

उपरिलिखित उपदेशों से यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि –

1. जीवात्मा भक्तियोग से मुक्ति प्राप्त करती है।
2. भक्ति के विषय में सारे वर्णों के मनुष्य, स्त्री, पाप योनियों का समाधिकार है ।
3. गुणकर्म के अनुसार वर्णव्यवस्था होने पर तथा जन्मगत जातिप्रथा न करने से समाज में सनातन धर्म की प्रतिष्ठा सम्भव है । स्वभावज कर्म के द्वारा ब्राह्मणादि वर्णों का निर्णय होना चाहिए । परन्तु साम्प्रातिक काल में यह एक जटिल समस्या के रूप में उपस्थित है । इसका समाधान अत्रिसंहिता में ब्राह्मण वर्ण को दस श्रेणीयों में विभक्त करने के प्रसङ्ग में व्यक्त किया हुआ है ।

उपसंहार – भारतीय वर्णव्यवस्था के मूल उद्देश्यों को केवल इसके विरुद्धात्मक तर्क-वितर्क से प्रमाणित नहीं किया जा सकता है । वर्णव्यवस्था के सम्बन्ध में मिथ्या अवधारणा के कतिपय अज्ञानियों के विचारों का फलमात्र ही जातिवाद है । वैदिक सभ्यता में प्रस्तुत वर्णव्यवस्था समाज में उन्नति तथा सहृदय भावना अतुट रखने का उपाय थी परन्तु साम्प्रतिक काल में वाह्य संस्कृति के प्रभाव से यह आज जातिप्रथा रुपक व्याधि के रूप प्रसिद्ध है। अतः जनमानस में हिन्दू धर्म और इस पद्धति के विषय में स्थित अन्धविश्वास का दूरीकरण विचारशील विद्वानों का परमोद्देश होना चाहिए ।

सन्दर्भ एवं ग्रन्थसूची –

1.पुरुषसूक्तम् - १२

2.बृहदारण्यकोपनिषद् – १.४.११ -१३

3.वही – १.४.१४ -१५

4.छान्दोग्योपनिषद् – ५.१०.७

5. मनुस्मृतिः – १०.१२

6.ब्रह्मसूत्र (शाङ्करभाष्य) – ३.१.८

7. वही – ३.१.२४

8.श्रीमद्भगवत्गीता – ४.१३

9. वही -२.३१

10. वही – १८.४१-४४

11. वही – १८.४५-४७

12. वही – ९.२६,२९,३२

13. श्रीमद्भगवत्गीता(राजगुह्ययोग) ४ संस्करण (श्री सत्यदेव) – पृ.१४२-१४३

सन्दर्भग्रन्थसूची

1.श्री जयदयाल गोयन्दका, सं २०६४,श्रीमद्भगवत्गीता, गीताप्रेस, गोरखपुर

2.सं २०६३, छान्दोग्योपनिषद, गीताप्रेस, गोरखपुर

3.सं २०६५, बृहदारण्यकोपनिषद, गीताप्रेस, गोरखपुर

4.स्वामी हनुमानदास षड्शास्त्री महाराज,२००३, ब्रह्मसूत्रशाङ्करभाष्यम्, चौखम्बा विद्या भवन, वाराणसी

5.ब्रह्मर्षि श्री सत्यदेव,१३८६, राजगुह्ययोग, श्रीमद्भगवत्गीता, साधन समर कार्यालय,कोलकाता

6. पि.भि. काणे,१९९२, धर्मशास्त्र का इतिहास, उत्तरप्रदेश हिन्दी संस्थान, लक्ष्नौ

वर्णव्यवस्था-विषये संस्कृतवाङ्मयस्य मतम्

विवेकशर्मा

कूटशब्दाः

शोधसारः

केषाञ्चिद्विदुषमभिप्रायो वर्तते यत् वर्णव्यवस्थायाः दृढीकरणे संस्कृत वाङ्मयस्य महद्योगदानमस्ति । नीरक्षीरविवेकेन दर्शने सति नैतत् समीचीनं प्रतिभाति। यतोहि संस्कृतवाङ्मये तु चिन्तनं तावत् उच्चस्तरे वर्तते यत्र न केवलं भारतमपितु समस्तविश्वमपि कटुम्बमेवास्ति[85] इत्यङ्गीकृतमस्ति। स्मृतिष्वपि प्राचीनकाले चत्वारो वर्णाः आसन् एव तत्र ते न हिजन्मना । तत्र ते तु कर्मणा एवाङ्गीकृताः। तद्यथा-

जन्मना जायते शूद्रः संस्कारात् द्विज उच्यते

वेदपाठाद् भवेद् विप्रो ब्रह्म जानाति ब्राह्मणः।।

श्रीमद्भगवद्गीतायामपि चतुर्णां वर्णानां विभाजनमपि गुणकर्मानुसारेण विहितमिति[86] ।वैदिकसंस्कृतकालेऽपि सर्वेषां कल्याणभावना मूलमन्त्ररूपेणासीत् ।

संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्

देवाभागं यथा पूर्वे सं जानाना उपासते ।।[87]

रामायणकालेऽपि भारते स्वच्छवर्णव्यवस्था आसीत् यतोहि दशरथः सुमन्त्रं प्रति अकथयत् यत् "यज्ञाय ब्राह्मणारभ्य शूद्रपर्यन्तम् आमन्त्रणं क्रियताम्" । एतेन ज्ञायते यत् यद्यपि तस्मिन् समये वर्णव्यवस्था आसीत्, परं शूद्राः अपि हेयाः नाऽसन् । समानतायाः स्पष्टोल्लेखः वर्तते रामायणे यथा-

निमन्त्रस्व नृपतीन् पृथिव्यां ये च धार्मिकाः

ब्राह्मणान् क्षत्रियान् वैश्याञ्शूद्रांश्चैव सहस्रशः।।[88]

जनाः मनुस्मृत्योपरि दोषारोपणं कुर्वन्ति यत् मनु वर्णव्यवस्थां जन्मनः स्वीकरोति, किन्तु नैतत् सत्यम् । यतोहि मनु अपि गुणकर्मणोः अनिवार्यतां स्वीकरोति एव । स्वयं मनुः कथयति, "यथा काष्ठनिर्मितो गजः अथवा चर्ममयः मृगः नाममात्रेण गजः मृगो वा भवतः, तथैव अध्ययनाध्यापनहीनः (आचारहीनो वा) ब्राह्मणोऽपि नाममात्रेणैव ब्राह्मणः भवति ।

---

[85] वसुधैव कुटुम्बकम्

[86] चातुर्वण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः

[87] ऋग्वेदः, 10/191/1

[88] रामायणम्, बालकाण्डम् ।

यथा काष्ठमयो हस्ती यथा चर्ममयो मृगः

यश्च विप्रोऽनधीयानस्त्रयस्ते नाम बिभ्रति[89] ।।

विभाजनस्येयं प्रक्रिया वर्णव्यवस्थेति प्रथिता । "**तर्हि एतत् तु समाजस्य विकृतिः कोऽत्र संस्कृतस्य दोषः** "।

==========

अस्माकम् समाजे चिन्तनमस्ति यत् जातिप्रथायाः कारणमस्माकं संस्कृतिः संस्कृतमेवव् । तेषां कथनमस्ति यत् जातिव्यवस्थायाः दृढीकरणे संस्कृतस्य महत् योगदानमस्ति । किन्तु नैतत् समीचीनम्, यतोहि सामजिक-राष्ट्रिय-एकतयाः च विषये संस्कृतवाङमयेस्मिन् विद्वद्भिः पर्याप्तमात्रायां विवेचनं कृतम् । संस्कृतवाङ्मये तु चिन्तनं तावत् उच्चस्तरे वर्तते यत् अस्मिन् तु निर्देशो वर्तते यत् न केवलं भारतमपितु समस्तविश्वमपि कटुम्बमेवास्ति ।

अत एव साधूच्यते –

अयं निजः परो वेति गणना लघु चेतसाम् ।

उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम् ।।[90]

शोधपत्रेस्मिन् जातिप्रथायां संस्कृतस्य योगदानमस्ति न वा इत्यस्मिन् विषये विश्लेषणस्य एकः प्रयासः कृतः ।

स्मृति-ग्रन्थे वर्णितमस्ति यत् भारतीयाः श्रेष्ठाः ।

उक्तञ्च मनुना-

एतद्देश प्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः ।

स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन्पृथिव्यां सर्वमानवाः ।।[91]

किमर्थमेतत् ? अस्य मुख्यः कारणःअस्ति "भारतीयसंस्कृतिः" या निश्चयेन संस्कृताश्रयी अस्ति । भारतीय संस्कृतौ विश्वबन्धुत्वस्योदात्ता भावना बाहुल्येन दृश्यते । अत्रत्याः आर्याः सकलविश्वकलयाणेच्छुकाः कदापि वैयक्तिकं सुखं नैच्छन् । तद्यथा भर्तृहरिणा गीर्वाण्याम् –

एके सत्पुरूषाः परार्थघटकाः स्वार्थं परित्यज्य ये ।

सामान्यास्तु परार्थमुद्यमभृतः स्वार्था विरोधेन ये ।।

---

[89] मनुस्मृतिः

[90] हितोपदेशः, 1/69

[91] मनुस्मृतिः, 2/20

तेऽमी मानुषराक्षसाः परहितं स्वार्थाय विघनन्ति ये ।

ये निघनन्ति निरर्थकं परहितं ते के न जानीमहे ।।[92]

संस्कृतवाङमयः तु स्पष्टरीत्या उद्घोषयति यत् स्वार्थम्परित्यज्य परोपकारकरणशीलो एव श्रेष्ठो मनुष्यः । वेदेषु प्रार्थितः परमेश्वरो यत् वयं सर्वानपि प्राणिनो दिशश्च मित्रदृष्टया पश्याम । अतः सर्वोदय भावना मूलमाधत्ते-

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया

सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत् ।।

अपि च अत्र तु ब्रम्हणः व्याप्तिः संसारस्य प्रत्येके जीवे मन्यते-

ईशावास्यमिदं सर्वं यत् किञ्च जगत्यां जगत् ।।[93]

इतोऽपि, अग्रे चिन्तयामश्चेत् तर्हि – राष्ट्रियैकतायै देशभक्तिः इति अनिवार्यतत्वमस्ति यतोहि आराष्ट्रे एकता तदैव भवितुमर्हति यद् तत्रत्य जनसमुहेषु राष्ट्रभक्तिः भवति चेत्, तदर्थम् उक्तञ्च महर्षिकपिलेन-

न यत्र देशोद्धृतिकामनाऽऽस्ते, न मातृभूमेर्हितचिन्तनं च ।

न राष्ट्ररक्षा-बलिदानभावः,श्मशानतुल्यं नरजीवनं तत् ।।

एतस्मात् कारणादेव भारतस्य भक्ति-विषये संस्कृतवाङमये पर्याप्तमात्रायां वर्णनं कृतं वर्तते-

गायन्ति देवाः किलगीतकानि धन्यास्तु ते भारतभूमिभागे

स्वर्गापवर्गास्पदमार्गभूते भवन्ति भूयः पुरुषाः सुरत्वात् ।।[94]

तथा च-

उत्तरं यत् समुद्रस्य हिमाद्रैश्चैव दक्षिणम्

वर्षं तद् भारतं नाम भरती यत्र सन्ततिः ।।[95]

---

[92] नीतिशतकम्, 75

[93] ईशोपनिषद्, 1

[94] विष्णुपुराणम्, 2/3/24

[95] विष्णुपुराणम्, 2/3/1

एतादृशं वर्णनं कृते सत्यपि मिथ्यारोपः क्रियते आलोचकैः यत् वर्णव्यवस्थायै संस्कृतस्य तथ्यानुमतिः तु अस्त्यैव । एतस्याः समस्यायाः समाधानं कर्तुं संस्कृतसन्दर्भानां विषये चिन्तयाम चेत् तर्हि ज्ञायते यत् भारतीयसमाजस्य महती विशेषता अस्ति एषा वर्णव्यवस्था । एषा व्यवस्था अत्यन्तप्राचीनकालाद् विद्यमाना वर्तते । वस्तुतः अस्याः प्रथायाः निर्माणं ईश्वरेण कृतम्-

ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्य कृतः

उरु तदस्य यद् वैश्यं पदभ्यां शूद्रो अजायत ।।[96]

अर्थात् विराटपुरुषात्मरुपिणः ईश्वरस्य मुखात् ब्राह्मणानां जन्म अजायत, बाहुभ्यां क्षत्रियस्य, उरुयुगलात् वैश्योत्पत्तिः एवञ्च पदभ्यां शूद्रो अजायत । एवमेव चत्वारो वर्णाः आसन्, किन्तु न जन्मना, तदा तु कर्मणा एव एतेषां वर्णानां सृष्टिः, केवलं समाजस्य सुव्यवस्थायै एव सञ्जाता एषा व्यवस्था । स्मृतिष्वपि एतदेव विधानं विद्यते । तद्यथा-

जन्मना जायते शूद्रः संस्कारात् द्विज उच्यते

वेदपाठाद् भवेद्विप्रो ब्रह्म जानाति ब्राह्मणः ।।

अर्थात् कोऽपि मनुष्यः जन्मतः न कस्यापि वर्णस्य भवेत्, संस्कारादेव स वर्णेषु परि गणितः भवेत् । श्रीमद्भगवद्गीतायामपि चतुर्णां वर्णानां विभाजनमपि गुणकर्मानुसारेण विहितमिति । यथा-

चातुर्वण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः ।।[97]

ऋग्वैदिककाले अस्याः वर्णव्यवस्थायाः जातिव्यवस्थायाः वा उल्लेखः न दृश्यते । यद्यपि वर्णः आसीत् आर्य-अनार्यौ अपि आस्ताम्, तथापि तौ आर्यानार्यौ गौरकृष्णौ भूत्वाऽपि जातिवाचकौ नास्ताम् ।

आधुनिकी एतादृशी वर्णव्यवस्था पुरा नासीत् । या वर्णव्यवस्था आसीत् सा तु किञ्चिद् भिन्नरुपेण । तदा तु एकस्यैव पितुः एकः पुत्रः ब्राह्मणधर्मस्य पालनं करोति स्म, अपरः क्षात्रधर्मस्य । एकः पुरोहितः भवति स्म, अन्यःराजा । यथा देवापिः, शन्तनुः (ऋष्टिषेणस्य पुत्रौ) प्रभृतयः। ऋग्वेदे 'कारु' स्वकीयाम् अभिलाषाम् अभिव्यनक्ति यत् मम माता चक्रयां (यन्त्रपेषण्यां) गोधूमचूर्णं करोति किं वा चूर्णपेषिणीं करोति, पिता भिषक् अस्ति, तद्वदेव वयमपि विभिन्नक्रियाभ्यः धनोपार्जनं कर्तुं अभिलाषिणः भवामः –

कारुरहं ततो भिषगुपेषिणी माता

---

[96] पुरुषसूक्तम्, १२

[97] श्रीमद्भगवद्गीता ।

नानाधियो वसूयवो अनगा इव तस्थितम् ।।

साम्यवादी भावना वैदिकसंस्कृतेः एकं महत्त्वपूर्णं वैशिष्ट्यं वर्तते । सर्वेऽपि देशीयाः वैदेशीयाः वा, एकस्यैव परमात्मनः पुत्राः ।तत्र किं कारणं भेदप्रथनम् । यदाऽभेददृष्टिः प्रवर्तते, तदा जगदिदं स्वर्गमिव चकासति । न तत्र मोहशोकादेरवसरः । न तत्र मोहशोकादेरवसरः । न च तदा विजुगुप्सा बाधते । न दुःखाग्निलेशोऽपि एकत्व बुद्धौ । अतएव यजुर्वेदे ईशोपनिषदि च उच्यते-

यस्तु सर्वाणि भूतान्यात्मन्नेवानुपश्यति

सर्वभूतेषु चात्मानं ततो न विचिकित्सति ।।

यस्मिन्सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूद् विजानतः

तत्र को मोहः कः शोकः एकत्वमनुपश्यतः ।।[98]

सर्वेषां कल्याणभावना संस्कृतेरस्याः मूलमन्त्रोऽस्ति । तथा च समाम्नायते वेदेषु-

संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्

देवाभागं यथा पूर्वे सं जानाना उपासते ।।[99]

उतो वा -

पुमान् पुमांसं परिपातु विश्वतः ।।

एते मन्त्राः वैदिकसंस्कृतेः पारस्परिकसुमतिं, सद्भावं, मानवकल्याणभावनाम्, औदार्यं च समुद्घोषयन्ति । वैदिकी संस्कृतिः विश्वस्मै सुपथौ मार्गं स्वीकर्तुं व्यवहर्तुं चोपदिशति ।

समानता समत्त्वं वा भारतीयलौकिकसंस्कृतस्यापि महत्त्वपूर्णं तत्वमस्ति । रामायणकालेऽपि भारते स्वच्छवर्णव्यवस्था आसीत् यतोहि दशरथः सुमन्त्रं प्रति अकथयत् यत् "यज्ञाय ब्राह्मणारभ्य शूद्रपर्यन्तम् आमन्त्रणं क्रियताम्" । एतेन ज्ञायते यत् यद्यपि तस्मिन् समये वर्णव्यवस्था आसीत् परं शूद्राः अपि हेयाः नाऽसन । समानतायाः स्पष्टोल्लेखः वर्तते रामायणे यथा-

निमन्त्रस्व नृपतीन् पृथिव्यां ये च धार्मिकाः

ब्राह्मणान् क्षत्रियान् वैश्याञ्शूद्रांश्चैव सहस्त्रशः।।[100]

---

[98] यजुर्वेदः, 40/6-7

[99] ऋग्वेदः, 10/191/1

एवमेव गीतायाः मतमपि समाजिकसमानता विषये समानमेव । तद्यथा-

समत्त्वं योग उच्यते ।।[101]

विद्या विनयसम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि

शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः ।।[102]

जनाः मनुस्मृत्योपरि दोषारोपणं कुर्वन्ति यत् मनु वर्ण व्यवस्थां जन्मनः स्वीकरोति, किन्तु नैतत् सत्यम् । यतोहि मनु अपि गुणकर्मणोः अनिवार्यतां स्वीकरोति एव । स्वयं मनुः कथयति, "यथा काष्ठनिर्मितो गजः अथवा चर्ममयः मृगः नाममात्रेण गजः मृगो वा भवतः, तथैव अध्ययनाध्यापनहीनः (आचारहीनो वा) ब्राह्मणोऽपि नाममात्रेणैव ब्राह्मणः भवति । तद्यथा-

यथा काष्ठमयो हस्ती यथा चर्ममयो मृगः

यश्च विप्रोऽनधीयानस्त्रयस्ते नाम विभ्रति[103] ।।

मूलतो वर्णस्यार्थो रंगः एव तथापि तदाधारेण कर्मानुगुणम् याः जातयः कल्पिताः, परवर्तनी काले ताः एव जन्मना परिणताः । विभाजनस्येयं प्रक्रिया वर्णव्यवस्थेति प्रथिता । " **तर्हि एतत् तु समाजस्य विकृतिः कोऽत्र संस्कृतस्य दोषः**" । यतोहि प्रारम्भिकयुगे सर्वेऽपि मानवाः ब्राह्मणादिकुलरहिताः एकवर्णाः आसन्, निसंदिग्धमेव । कालान्तरे विविधाः वर्णाः कर्मक्रियाविशेषेण संजायते । महाभारते यथा-

एकवर्णमिदं पूर्वं विश्वमासीद्युधिष्ठिरः ।

कर्मक्रियाविशेषेण चतुर्वर्णं प्रतिष्ठितम् ।।

संक्षेपेण वदामश्चेत् तर्हि पुराकाले समाजस्य सुव्यवस्थायै एव वर्णव्यवस्था कल्पिताऽसीत् । वस्तुतः इयं वर्णव्यवस्था भारतस्य निसर्गतः आत्माऽस्ति, प्राणस्वरुपा च वर्तते । अत एवोक्तम् –

चातुर्वर्ण्यव्यवस्थानं यस्मिन् देशे न विद्यते

तं म्लेछदेशं जानीयादार्यावर्त्तस्ततः परम् ।।

---

[100] रामायणम्, बालकाण्डम् ।

[101] श्रीमद्भग्वद्गीता, 2/48

[102] तत्रैव, 5/18

[103] मनुस्मृतिः

सन्दर्भग्रन्थसूची

1. मनुस्मृति, प० रामेश्वरभट्ट, चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, 38 यू० ए०, जवाहरनगर, दिल्ली-110007, पुनर्मुद्रण 2011
2. ऋक्सूक्तसंग्रहः, व्याख्याकारः डा० हरिदत्त शास्त्री, प्रकाशक-साहित्य भंडार – सुभाष बाजार- मेरठ-2, संशोधित एवं परिवर्धित संस्करण
3. श्रीमद्भगवद्गीता(श्लोकार्थ सहित), गीताप्रेसगोरखपुर, संवत् 2060
4. श्रीमद्वाल्मीकि रामायण(प्रथम खण्ड), गीताप्रेसगोरखपुर, संवत् 2069
5. हितोपदेशः, संस्कृत टीकाकार – श्रीगुरुप्रसाद शास्त्री, भाषाटीकाकार – श्रीसीतारामशास्त्री, सम्पादक – प्रो० बालशास्त्री, प्रकाशक चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, गोपाल मन्दिर लेन,पोस्ट बोक्स न० – 1129, वाराणसी
6. शतकत्रयम्, पुरोहित गोपीनाथ, प्रकाशक - भारतीय कला प्रकाशन, नारंग कलोनी, त्रिगर्त नगर, दिल्ली-110035, प्रथम संस्करण - 2010
7. ईशादि नौ उपनिषद्, कोड 1421, गीताप्रेसगोरखपुर, संवत् 2068
8. विष्णुपुराण, सम्पादक नागशरणसिंह, प्रकाशक- नाग पब्लिशर्ज़, 11ए०, जवाहर नगर, दिल्ली-7, संस्करण – 1984

चित्त के सन्दर्भ में गुणत्रय की महत्ता

कृष्णा शर्मा

कूट-शब्द चित्त, विश्व, वैदिकपरम्परा, पुराण।

शोध-सार

भारतीय ज्ञानपरम्परा अविच्छिन्न रूप से भारतीय संस्कृति में अनुस्यूत रहकर परस्पर अभ्युदय के संवाहिका के रूप में विश्वमानस पटल को झङ्कृत करती रही है। इस ज्ञानपरम्परा के शाखाप्रशाखा के रूप में विविधशास्त्र पुष्पित एवं पल्लवित होकर मानवजीवन को आप्यायित करते रहे हैं। ऐहिक एवं आमुष्मिक चिन्तन को आत्मसात करते हुए योगशास्त्र एवं विविध आचारशास्त्र प्रवृत्त हुए। आचारशास्त्रों में गर्भाधान से दाह संस्कारपर्यन्त शुचिता को ध्यान में रखा गया है। वहीं योगशास्त्र में चित्तवृत्तिनिरोध द्वारा चरमलक्ष्य के सन्दर्भ में गूढ चिन्तन किया गया है।

प्रकृत शोधपत्र में योगदर्शन एवं मनुस्मृति के आलोक में चित्त के सन्दर्भ में सात्विक-राजसिक और तामसिक गुणों की महत्ताविषयक गभीरगवेषण प्रस्तुत किया गया है।

==========

चित्तशोधन विषय पर प्राचीन काल से ही अनेक ग्रन्थ लिखे गये हैं । भारतीय संस्कृति वैदिक परम्परा के अनुसार ही सम्बद्ध रही है। अतः सम्पूर्ण विश्व की आधाररूपी हमारी संस्कृति में ग्रन्थों के माध्यम से जीवनशैली के आचार-सदाचार के नियम उल्लिखित हैं। क्योंकि सनातन धर्म में जन्म से पूर्व एवं मृत्युपर्यन्त संस्कार किये जाते है, जिनका प्रयोजन केवल चित्त को निर्मल करना व्यवहार कुशल बनाना व सदाचार में प्रवृत्त कराना है, अर्थात् जिसे हम संक्षेप में चित्त की शुद्धि भी कह सकते है।

चित्त शोधन के पश्चात हमें चित्त की एकाग्रता प्राप्त होती है। अतः महर्षि पतञ्जलि प्रदत्त योग के माध्यम से चित्त को स्थिर करके मोक्ष की प्राप्ति सम्भव हो सकती है उन्होने कहा है- **''योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः''**[104] सामान्यतः चित्त इन्द्रियों

[104] पतञ्जलियोगसूत्रम् - (अध्याय 1, पाद 1, सूत्र 2)

के माध्यम से ज्ञानार्जन करता हुआ क्रिया का सम्पादन करता है। चित्तवृत्तियाँ भिन्न-भिन्न विषयों में संलग्न रहती है। जिनके विषय परिवर्तन के लिए निरोध मार्ग आवश्यक है। विष्णुपुराण में कहा है -

विषयेभ्यः समाहृत्य विज्ञानात्मा मनो मुने।

चित्तयेन्मुक्तये तेन ब्रह्मभूय परेश्वरम्।।

आत्मप्रयत्नसापेक्षा विशिष्ठा या मनोगतिः।

तस्या ब्रह्मणि संयोगो योग इत्यभिधीयते।[105]

अर्थात् चित्त को विषयों से विमुख करके ईश्वर चिन्तन के द्वारा ब्रह्मप्राप्ति होती है। मन की यह अवस्था योग नाम से जानी जाती है तथा योग साधन के लिए यम-नियम-आसन-प्राणायाम-प्रत्याहार-धारणा-ध्यान-समाधि का विस्तृत ज्ञान आवश्यक होता है।

मनु प्रतिपादित गुणों का चित्त पर प्रभाव -

1. सतोगुण का प्रभाव - वस्तु का यथार्थ ज्ञान ही सत्व गुण का मुख्य लक्षण है। आत्मा में सब प्रीतीयुक्त प्रतीत हो, क्लेश रहित एवं प्रकाशमान व सरल, सहज बोध हो उसे ''सत्वगुण'' जानना चाहिये। वेदों का अभ्यास प्राजापत्यादिव्रत चान्द्रायणादि व्रत तप, ज्ञान अथवा शास्त्रज्ञान, शुद्धि (शारिरिक व मानसिक) इन्द्रियसंयम, दान, धर्मकार्य यज्ञादि और आत्मान्वेषण अध्यात्म ज्ञान का चिन्तन ये भी सत्वलक्षण कहे जाते है।

2. रजोगुण का प्रभाव -रजोगुण से युक्त व्यक्ति में प्रतिकूल ज्ञान की अधिकता होती है। जो दुःख से युक्त हो अप्रीतिकारक तथा शरीरियों को विषयों की ओर आकृष्ट करने वाला प्रतीत हो, उसे तत्त्वज्ञान प्रतिपक्षी अथवा विरोधी जानना चाहिये तथा आरम्भ किये गये काम में रूचि न होना, धैर्य का अभाव होना, शास्त्रवर्जित आचरण तथा सर्वदा रूपरसशब्दादि विषयों में आसक्ति ये सब राजसिक गुण के लक्षण माने जाते है। मनु ने कहा भी है -

आरम्भरूचिताऽधैर्यमसत्कार्यपरिग्रहः।

विषयोपसेवा चाजस्रं राजसं गुणलक्षणम्।।[106]

---

[105] विष्णुपुराण - 6-3

[106] मनुस्मृति - 12/32

तथा यह भी शास्त्रोक्त माना जाता है कि इस संसार में मनुष्य जिस काम को करके अत्यधिक प्रसिद्धि को प्राप्त करना चाहता है और वह उस काम के असफल होने पर शोक नहीं करता उसे भी रजोगुण का लक्षण जानना चाहियें।

3.- तमोगुण का प्रभाव -जो मोहयुक्त सत्-असत् अर्थात भले-बुरे विचार से शून्य हो, जिसके विषय का आकार अस्पष्ट हो तथा जो तर्क से शून्य एवं अन्तःकरण और बहिष्करण द्वारा दुर्ज्ञेय हो उसे ''तमोगुण'' समझना चाहिये। लोभ, निद्रा, अधैर्य क्रूरता, नास्तिकता, नित्यकर्म का त्याग, मांगने का स्वभाव होना और प्रमाद ये तामसिक गुण के लक्षण है। तथा मनुष्य जिस काम को करके, करता हुआ तथा भविष्य में करने वाला होकर लज्जित होता है, उन सबको विद्वान ''तामस गुण'' का लक्षण समझते है।

अतः जो व्यक्ति जिस गुण से युक्त होता है। उसका चित्त उन्हीं कार्यों में रत रहता है और वह अपने कर्मों के अनुसार इस संसार में विभिन्न गतियों को प्राप्त करता है मनुष्य की गतियों के विषय में महर्षि मनु का मानना है, कि -

देवत्वं सात्त्विकाः यान्ति मनुष्यत्वं च राजसाः।

तिर्यक्तं तामसाः नित्यामित्येषा त्रिविधा गतिः।।[107]

अर्थात सात्विक अथवा सत्त्वगुण का व्यवहार करने वाले देवत्व को, राजस या रजोगुण का व्यवहार करने वाले मनुष्यत्व को और तामस या तमोगुण का व्यवहार करने वाले तिर्यक्त्व को अर्थात् पशु-पक्षी, वृक्ष-लता, गुल्म आदि की योनियों को प्राप्त करते है। ये तीन प्रकार की गतियाँ भी कर्म तथा विद्या आदि की विषेषता से जघन्य, मध्यम व उत्तम पुनः तीन प्रकार अप्रधान गतियाँ होती है। जिनमें सर्वप्रथम उत्तम सात्विक गति के विषय में बताना चाहूंगी, जिनमें चतुर्मुख ब्रह्मा, विष्वसृष्टा मरीचि आदि, शरीर-धारी धर्म, महान्, अव्यक्त (सांख्य प्रसिद्ध दो तत्व) इत्यादि आते हैं। तथा विधिपूर्वक यज्ञानुष्ठान करने वाले यज्वा, ऋषि देव, वेद इतिहास-प्रसिद्ध शरीरधारी, वेदाभिमानी देष विशेष, ज्योति (ध्रुव आदि वर्ष, इतिहास प्रसिद्ध शरीरधारी वत्सर) पितर (सोमपादि) और साध्य (देवयोनि विशेष) ये मध्यम सात्विकी गतियाँ है। तथा तपस्वी (वानप्रस्थी), यति ब्राह्मण, वैमानिकगण जो विमान द्वारा आकाश में विचरण करते हैं और नक्षत्र व दैत्य (प्रह्लाद, बलि आदि) ये जघन्य सात्विक गतियाँ है।

---

[107] मनुस्मृति - 12/40

अब रजोगुण की तीनों गतियों के बारे में बात करते है - गन्धर्व, गुह्यक, यक्ष, देवानुचर (विद्याधर आदि) और अप्सरायें, ये सब उत्तम राजसी गतियाँ हैं तथा राजा क्षत्रिय, राजाओं के पुरोहित, शास्त्रार्थ आदि के विवाद को पसन्द करनेवाले ये सब मध्यम राजसी गतियाँ है और झल्ल-मल्ल, नट जैसे रंगमंच पर अभिनय कर जीविका चलने वाले, शस्त्रजीवी (सिपाही, सैनिक आदि) जुआरी तथा मद्यपी पुरूष ये जघन्य राजसी गतियाँ है।

अन्त में तामसी गुण से युक्त तीनों गतियों के बारे में जानेगें - चारण-बन्दी-भाट, सुवर्ण (पक्षी विशेष) कपटाचारी मनुष्य, राक्षस और पिशाच ये उत्तमतामसी गतियाँ है। हाथी, घोडा, शूद्र, निन्दित, म्लेच्छ, सिंह, बाघ और सूअर ये मध्यम तामसी गतियाँ है। स्थावर (वृक्ष-लता-गुल्म-पर्वत आदि अचर) कृमि, कीट, मछली सर्प, कछुआ, पशु, मृग ये सब जघन्य हीन तामसी गतियाँ है।

अतः तीनों गुणों से युक्त मनुष्यों का चित्त गुणानुरूप कर्मों मे रत रहता है तथा वैसे ही कर्मों के फलों को प्राप्त करता है। इसलिए मानवमात्र को सही मार्गदर्शन देने के लिए ही वेद, शास्त्र व साहित्यों का अध्ययन किया जाता है जिससे गलत दिशा में जा रहे चित्त के मार्ग को अवरोध कर सही दिशा प्रदान की जा सके। अनेक प्रयत्नों द्वारा चित्त को सही दिशा देने का प्रयास किया जाता है तथा हमारे शास्त्रोचित मार्गों का अनुसरण करना ही हमारा कर्त्तव्य है।

चित्त को उचित दिशा निर्देशन करने के लिए एकाग्रता की आवश्यकता होती है क्योंकि सतोगुण से रहित चित्त को एकाग्र कर सतोगुण में रत रखना अत्यन्त ही दुष्कर प्रतीत होता है। परन्तु शास्त्रों का अध्ययन कर चित्त को उस ईश्वर से एकाकार करने का प्रयास नित्यप्रति करना चाहिये । वैसे तो विद्वान लोग निर्गुण ब्रह्म की उपासना कर सभी सिद्धि व मोक्ष को सहज प्राप्त कर लेते है परन्तु सामान्य चित्तवृत्ति वाले मनुष्यों को इसे पूर्ण करने में कई जन्म लग जाते है। मूर्तिपूजा भी इसीलिए मानी जाती है ताकि हम उस ईश्वर को केन्द्र मानकर मूर्ति द्वारा ईश्वर के प्रति एकाग्रता को प्राप्त करने में सक्षम होते है। भजन, कीर्तन, नाम स्मरणादि द्वारा भगवत्प्राप्ति सहज हो जाती है।

वैसे हि धर्मशास्त्र में प्रदत्त यम-नियम-व्रत उपवासादि के द्वारा उन मार्गों को सशक्त किया जाता है। बालक को जन्म से पूर्व ही संस्कार दिये जाते है ताकि उसमें वैसे गुणों की वृद्धि हो सके तथा जन्म के बाद भी संस्कारों द्वारा चित्त का शोधन करने का प्रयास निरन्तर किया जाता है यहाँ तक की मरणोपरान्त भी संस्कार कर मोक्ष प्राप्त करने का प्रयास किया जाता है।

चित्त का शोधन नहीं हो तो अशोधित चित्त में पुराने कर्मों द्वारा उपार्जित फल उपस्थित रहते है ओर वे सब पुनर्जन्म होने पर उस जन्म में उसके स्वभाव में स्वतः आ जाते है। याज्ञवल्क्य ने भी कहा है -

तत्रात्मा हि स्वयं किंचित्कर्म किंचित्स्वभावतः।

करोति किंचिदभ्यासाद्धर्माधर्मोभयात्मकम्।।[108]

अर्थात् कुछ संस्कार माता पिता द्वारा दिये जाते है कुछ पिछले जन्म से प्राप्त संस्कारों द्वारा उत्पन्न स्वभाव होता है तथा कुछ इसी जन्म में अर्जित गुणों व अभ्यास द्वारा प्राप्त स्वभाव होता है। अतः इन सबसे मिलकर मनुष्य पूर्णरूप से स्वभाव के स्वरूप को प्राप्त करता है इसलिए पूर्वजन्म प्रदत्त स्वभाव को बदला नहीं जा सकता उसे भोगा ही जाता है और माता-पिता द्वारा प्राप्त स्वभाव को भी बदलने में कठिनाई आती है। परन्तु जो स्वयं अर्जित संस्कारों से प्राप्त स्वभाव है उसे काफी हद तक बदला जा सकता है। उस के लिए गुरू प्रदत्त शिक्षा व स्वाध्याय से प्राप्त ज्ञानोपार्जित स्वभाव प्राप्त होता है। अतः ऐसे स्वभाव की अधिकता होने पर पूर्व स्वभाव के प्रभाव को भी कम करने में सक्षम हो सकते है।

इसी क्रम में यदि इतने चित्त शोधन प्रयास पश्चात भी कोई अज्ञानवश पापकर्म हो जाता है ओर उसका पछतावा प्रतीत हो तब उसके लिए प्रायश्चित्त बताए गये है। प्रायश्चित्त द्वारा चित्त का निर्मलीकरण करना भी धर्मशास्त्रीय मार्ग प्रशस्त है। ऋषि अंगिरा के अनुसार -

प्रायः नाम तपो प्रोक्तं चित्तं निश्चय उच्यते।

तपोनिश्चयसंयोगात् प्रायश्चित्तमिति स्मृतम्।।[109]

अर्थात् प्रायः तप को कहा जाता है तथा चित्त को निश्चय, और तप व निश्चय का संयोग होने पर ही प्रायश्चित्त संभव हो सकता है। अतः मनुष्य किसी भी कार्य को करने में तब तक सफल नहीं हो सकता जब तक की उसका चित्त दृढ़ निश्चय नहीं कर लेता।

इस विचारमंथन द्वारा यही निष्कर्ष निकलता है, कि मनुष्य में कर्मप्रवृत्ति में चित्त का महत्वपूर्ण योगदान होता है और चित्तशुद्धि के लिए समय-समय पर मार्ग निर्देशन की आवश्यकता प्रतीत होती है। धर्मशास्त्र के अनुसार आत्मा तो शुद्ध व

---

[108] याज्ञवल्क्यस्मृति - 3/68

[109] गौतम धर्म सूत्र में उद्धृत पृ.सं 199

निश्छल होती है, परन्तु आत्मा एक शरीर के माध्यम से ही कर्मों में प्रवृत्त हो पाती है। अतः कर्म प्रवृत्त चित्त में राग-द्वेष की उत्पत्ति होती है। इन्हीं विकारों को हटाकर चित्त को निर्मल बनाया जा सकता है।

इसके लिए धर्मशास्त्र में पग-पग पर प्रत्येक के लिए धर्म (नियम) बनाये गये है। सभी को धर्म का पालन करना अनिवार्य है। जैसे ब्रह्मचारी के धर्म, गृहस्थ-वानप्रस्थ व सन्यासी के धर्म। ब्राहमण-क्षत्रिय-वैश्य शूद्रादि के धर्म, स्त्री धर्म, पुरूष के धर्म, साधारण धर्म आपद्धर्म इत्यादि। अतः इनका पालन करते हुये अपने धर्म में स्थित रहते हुये मनुष्य को मोक्ष की सहज ही प्राप्ति हो जाती है। अतः याज्ञवल्क्य कहते है कि -

ध्यानयोगेन संपश्येत्सूक्ष्म आत्मनि स्थितः।।[110]

अर्थात् चित्त की वृत्तियों को योग द्वारा रोककर, स्वयं में स्थित आत्मा को ध्यान द्वारा देखना चाहिये।

सन्दर्भग्रन्थसूची

1. पतञ्जलियोगसूत्रम् चौखम्बा संस्कृत संस्थान वाराणसी, सन्-1983
2. मनुस्मृतिः - चौखम्बा संस्कृत संस्थान वाराणसी - वि.सं.-2066
3. याज्ञवल्क्यस्मृति - चैखम्भा संस्कृत प्रतिष्ठान दिल्ली-सन् - 1999
4. विष्णुपुराण - नाग पब्लिशर्स जवाहर नगर दिल्ली-1985
5. गौतम धर्मसूत्रम् - चैखम्बा संस्कृत संस्थान वाराणसी सन्- 1986

[110] याज्ञवल्क्यस्मृति - 3/64

लेखकानां सूची

I	प्रस्फुटम्		
1	सम्पादकीयम्	सदानन्दझा	व्या.विभागाध्यक्षः, जगदीशनारायणब्रह्मचर्याश्रम-आदर्श-संस्कृतस्नातकोत्तरमहाविद्यालयः, लगमा, दरभङ्गा, बिहार
2	प्रकाशकीयम्	बिपिनकुमारझा	सहित्यविभागः, वेदव्यासपरिसरः, राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्, हि०प्र०
II.A	साहित्यानुरागः		
1	किरातार्जुनीय में हिमालय के पर्यावरणीय अवयव	1.सुश्री मनीषा कश्यप 2. विनीत घिल्डियाल	1. अतिथि प्रवक्ता (संस्कृत), राजकीय महाविद्यालय, गुप्तकाशी (विद्यापीठ),रुद्रप्रयाग, उत्तराखण्ड। 2. अध्यक्ष- संस्कृत विभाग, हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल (केन्द्रीय) विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल, उत्तराखण्ड।
2	याज्ञवल्क्यस्मृतौ स्तेयप्रकरणे समाजव्यवस्थायाः परिशीलनम्	हीरालालदाशः	सहायकाचार्यः, श्रीचन्द्रशेखरेन्द्रसरस्वतीविश्वमहाविद्यालय, एनात्तूर, काञ्चीपुरम्, तमिलनाडू
3	अष्टादशशताब्द्यां काश्मीरशैवदर्शनम्	नरेन्द्रभारती	कनिष्ठशोध-अध्येता, (ICPR), श्रीरणवीरपरिसरः, राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्, जम्मू
4	धर्मशास्त्रोक्तानां संस्काराणां प्रासङ्गिकता	एम्. गजलक्ष्मी	शोधछात्रा, संस्कृतविभागः, पण्डिचेरी विश्वविद्यालयः, पण्डिचेरी
5	अध्यात्मरामायण में निहित सांस्कृतिक तत्त्वों की अद्यतन उपयोगिता	गीताशुक्ला	सहाचार्या, संस्कृतविभाग, भगवानदीन आर्यकन्या स्नातकोत्तरमहाविद्यालय, लखीमपुरखीरी, उ. प्र.
6	ऋग्वेदे मनस्तत्त्वपरिशीलनम्	नीलमाधवप्रधानः	शोधच्छात्रः, श्रीचन्द्रशेखरेन्द्रसरस्वतीविश्वमहाविद्यालय,

			एनात्तूर, काञ्चीपुरम्, तमिलनाडू
7	अथर्ववेद औषधीनां परिशीलनम्	लिपनकुमारमाझि	शोधच्छात्रः, श्रीचन्द्रशेखरेन्द्रसरस्वतीविश्वमहाविद्यालय
8	अथर्ववेदे प्रकृतेः स्वरूपम्	निर्मल राउल	शिक्षाशास्त्रविभागः, राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्, श्रिङ्गगिरिः।
9	वास्तुमालादिशा गृहे ग्राह्याग्राह्यवृक्षाणां समीक्षणम्	गीताञ्जलिनायक	व्याख्यातृ, संस्कृतविभागः, विलामेरीमहाविद्यालयः (महिला), हैदराबादः, तेलङ्गाना।
10	प्रस्थानत्रयी में वर्णव्यवस्था	सुश्रीसस्मितापति	गवेषिका, पण्डिचेरी विश्वविद्यालय, पण्डिचेरी
11	वर्णव्यवस्था-विषये संस्कृतवाङमयस्य मतम्	विवेकशर्मा	शोधच्छात्रः, वेदव्यासपरिसरः, राष्ट्रियसंस्कृत-संस्थानम्, हि०प्र०
12	चित्त के सन्दर्भ में गुणत्रय की महत्ता	कृष्णा शर्मा	सहायकाचार्या, धर्मशास्त्रविभाग, जयपुर परिसर राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थान, जयपुर

Important dates for next Issue-

- ✓ DEADLINE FOR SUBMISSION- 01.09. 2016
- ✓ NOTIFICATION FOR ACCEPTANCE-10.10.2016
- ✓ INAUGRATION-14.10.2016

Send your paper

mail@sarasvatniketanam.org

jahnavisanskritjournal@gmail.com